डी.आर.एम. ने कोटा-नागदा खण्ड के 6 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी ने शनिवार को कोटा-नागदा खण्ड का संरक्षा विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। डीआरएम के साथ निरीक्षण में संबंधित विभाग के शाखा अधिकारी तथा पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

डीआरएम ने कोटा-नागदा सेक्शन में विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान गाड़ी संचालन से जुड़े सभी संरक्षा मानकों, ट्रैक, ब्रिजों, ओएचई एवं समपार फाटको का अवलोकन किया। साथ ही उक्त खण्ड के रामगंजमंडी, भवानीमंडी, गरोठ, शामगढ़, चौमहला एवं विक्रमगढ़ आलोट स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्यो की प्रगति का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि मंडल के 17 स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कुल 356.85 करोड़ की लागत से विकास किया जा रहा है जिसमें रामगंजमंडी 27.78 करोड़, भवानीमंडी 24.05 करोड़, गरोठ 19.16 करोड़, शामगढ़ 21.55 करोड, चौमहला 16.39 करोड़ एवं विक्रमगढ़ आलोट 18.92 करोड़ की लागत से उक्त स्टेशनों का कायाकल्प करने एवं यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने हेतु स्टेशन विकास कार्य किया जा रहा है। डीआरएम ने उक्त 6 स्टेशनों पर चल रहे पुनर्विकास कार्य के मॉडल एवं ले-आउट प्लान के सभी पहलुओं के अनुसार निर्माण कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास की कार्ययोजना के बारे में बताया। उन्होंने यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों में तीव्रता एवं गुणवत्ता के साथ नियत समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीआरएम के साथ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) संजय यादव, मंडल परिचालन प्रबंधक आशीष रावलानी, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (सामान्य) धर्मेन्द्र कस्तवार, वरिष्ठ मंडल विधुत इंजीनियर (टीआरडी) एम.एस.मीना एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त ए नवीन कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कोटा मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी ने शनिवार को कोटा-नागदा खण्ड का संरक्षा विन्डो ट्रेलिंग निरीक्षण किया।

टॉप आई.आई.टी. में लोअर ब्रांच की कटऑफ बढ़ी

- ब्रांच चेंज ना होने से स्टूडेंट्स ने प्राथमिकता नहीं दी
- तीसरे राउण्ड की रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि 8 जुलाई शाम 5 बजे तक

कोटा, (निसं)। देश के आईआईटी-एनआईटी सहित 121 संस्थानों की 59917 सीटों के लिए ज्वाइंट काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। इस काउंसलिंग के तीसरे राउण्ड के सीट आवंटन के पश्चात ऑनलाइन रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि आज 8 जुलाई शाम 5 बजे तक है। ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान आई क्वेरी का रेस्पोंस करने की अंतिम तिथि 9 जुलाई शाम 5 बजे तक है।

रेस्पोंस ना करने पर विद्यार्थी आगे की काउंसलिंग प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के एजुकेशन एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि अब तक हुए तीन राउण्ड के जारी किए गए आकड़ों के अनुसार इस वर्ष टॉप आईआईटीज में शामिल मुंबई, मद्रास, खरगपुर, हैदराबाद में ब्रांच चेंज का ऑप्शन नहीं होने के कारण उनकी लोअर ब्रांचो को स्टूडेंट्स ने प्राथमिकता नहीं दी है इसी कारण इन टॉप आईआईटी की लोअर ब्रांचो की कटऑफ बढ़ गयी है और पीछे की रैंक वाले स्टूडेंट्स को भी इन आईआईटी में ब्रांच मिल गयी है जबकि गत वर्षो तक इन आईआईटीज की सभी ब्रांचे ऊपर की रैंक पर क्लोज होती थी।

आकडों पर नजर डाले तो आईआईटी बॉम्बे की बीएस केमिस्ट्री ब्रांच की क्लोजिंग एआईआर 7065, आईआईटी मद्रास की बायोलॉजिकल साइंस 10129, आईआईटी खरगपुर की एप्लाइड जियोलोजी ब्रांच की क्लोजिंग 12262, आईआईटी हैदराबाद की इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री ब्रांच की क्लोजिंग एआईआर 8802 पर रही। ये सभी क्लोजिंग रैंक ओपन केटेगरी में जेंडर न्यूट्रल पूल से है। आहूजा ने बताया कि इन टॉप आईआईटी की लोअर ब्रांच की कटऑफ रैंक बढने का प्रमुख कारण इन आईआईटी में ब्रांच चेंज का ऑप्शन बंद करना है। पहले स्टूडेंट्स के पास अपनी प्रथम वर्ष की परफॉर्मेंस के आधार पर ब्रांच चेंज करने का ऑप्शन उपलब्ध रहता था, जिससे कई विद्यार्थी दूसरे वर्ष में कोर ब्रांच तथा अच्छी ब्रांच में अपवर्ड हो जाते थे।

इस कारण स्टूडेंट्स टॉप आईआईटी की लोअर ब्रांच को वर्ष 2012 एवं वर्ष 2017 में खुली आईआईटी की कोर ब्रांच से ज्यादा प्राथमिकता देते थे ऐसे में टॉप आईआईटी की लोअर ब्रांच की कटऑफ कम जाती थी परन्तु अब यह ब्रांच चेंज का ऑप्शन बंद होने से कई टॉप आईआईटी मुंबई, मद्रास, खरगपुर, हैदराबाद की लोअर ब्रांच की कटऑफ बद गयी है।

जिससे अब पीछे की रैंक वाले स्टूडेंट्स का इन ब्रांचो में एडमिशन मिल रहा है। स्टूडेंट्स अब इन आईआईटी की जगह दूसरे आईआईटी जहा ब्रांच चेंज का ऑप्शन भी है उन्हें प्राथमिकता देते दिखाई दे रहे है।

अखिल ब्राह्मण महासभा का शपथ ग्रहण समारोह आज

- नव निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे

कोटा, (निसं)। अखिल ब्राह्मण महासभा कोटा की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का 'शपथ ग्रहण समारोह रविवार को गायत्री मंदिर मार्ग, झालावाड़ रोड़ स्थित संस्थान भवन में आयोजित किया जाएगा।

अध्यक्ष लहरी शंकर गौतम ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक संदीप शर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व कोटा न्यास अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, पूर्व महापौर सुमन श्रृंगी, पार्षद कपिल शर्मा होंगे। संभागीय अध्यक्ष रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में दीप प्रज्जोलन व अतिथि स्वागत प्रात 11 बजे किया जाएगा। इसके उपरान्त 12 शपथ लोकसभा अध्यक्ष शपथ ग्रहण करवाऐंगे। इसके उपरान्त सभी महाआरती में भाग लेंगे। उन्होने बताया कि नई कार्यकारिणी 02 वर्षों तक कार्य करेंगी। गोपाल शर्मा एवं एमएम शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद पर लहरी शंकर गौतम, महामंत्री नंदकिशोर शर्मा, संभागीय महिला अध्यक्ष कल्पना शर्मा,महिला महामंत्री अम्बिका शर्मा, मंत्री माया शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा, उपाध्यक्ष पमोद पालीवाल, रघुनन्दन शर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी शपथ ग्रहण करेंगी।

कोटा सरस डेयरी में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया

कोटा, (निसं)। विश्व अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर कोटा-बूंदी दुग्ध सहकारी संघ लि.कोटा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता चेयरमैन चौन सिंह राठौड़ ने की। उन्होंने अपने सम्बोधन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित सहकारिता जगत से जुड़े अतिथियों को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कृसहकारिता मूल भाव एक सबके लिए सब एक के लिए है, और 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर हम एकजूट होकर सहकारिता को बल दे। उन्होंने इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके अधिकारों का बोध कराते हुए कहा कि हमें किसानों व पशुपालकों के प्रति संवेदनशील रहकर कार्य करना चाहिए उनकी समस्या का समाधान हो, उनके दुग्ध का उचित मूल्य मिले व समय पर मिले इसके लिए अधिकारी मेहनत व ईमानदारी से कार्य करें। उन्होने कहा कि किसान व संघ एक इकाई के रूप में कार्य करें तो ही सहकारिता की मूल भावना का विकास होगा और संघ के लक्ष्यों की प्राप्ति संभव होगी। इस अवसर पर संघ के प्लांट इंचार्ज शांतनु बैरवा, लेखाधिकारी शीला शर्मा, मार्केटिंग मैनेजर से सत्यनारायण शर्मा, बीज प्रभारी फरीदा खान, पी एण्ड आई दिनेश दुबे, स्थापना प्रभारी जयानंद आदि मौजूद रहे।

बेहतर भविष्य का निर्माण करती है:- 102 वें अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने कहा कि इस वर्ष की थीम ''सहकारिता सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करती है। 'उन्होंने कहा कि सहकारिता में सामूहिक शक्ति और संसाधनों के उपयोग पर जोर देता है, जिससे सभी सदस्यों को लाभ मिलता है और यह भावना यह अवधारणा व्यक्तिगत और सामूहिक हितों के बीच एक संतुलन स्थापित करने का प्रयास करती है।

मौसमी बीमारी पर पशुओं का संरक्षण:- राठौड़ ने बताया कि कोट सरस डेयरी द्वारा पशुओं को निशुल्क इलाज की व्यवस्था भी संघ के माध्यम से कि जाती है। कोटा सरस डेयरी ने आरएम की नियुक्त कर उन्हे हर समिति में पशुओं के स्वास्थ्य निरिक्षण का कार्य सौपा है। संगोष्ठी के उपरान्त जयपुर से आए पशु चिकित्सक नीरज नमन ने पशु टीकाकरण के बारे में आरएम एवं किसानों को समझाया। उनकी मौसमी बीमारियों में देखभाल के लिए सुझाव भी दिए।

नि:शुल्क पौधा उपलब्ध कराने की घोषणा की

कोटा का पंजाबी खत्री समाज नि:शुल्क पौधे उपलब्ध करवाएगा।

कोटा, (निसं)। समस्त पंजाबी खत्री सभा द्वारा दादाबाडी रेंडिल पार्क, डिस्पेंसरी पार्क में शनिवार को वृक्षारोपण किया गया।

समस्त पंजाबी खत्री सभा के अध्यक्ष नयन कालरा ने बताया की दादाबाड़ी के सभी पार्कों एवं निवासियों को जुलाई माह में नि:शुल्क पौधे उपलब्ध कराये जायेंगे।

पौधा लेने के इच्छुक दादाबाड़ी निवासी पर्यावरण प्रेमी मोबाइल नंबर 9982216245 पर संपर्क करे।इस अवसर पर सचिव नीरज विज, महिला अध्यक्ष प्रियंका अदलखा, संरक्षक अशोक आहूजा, उपाध्यक्ष कमल अदलखा, सांस्कृतिक मंत्री नवीन खत्री, योग एवं एरोबिक्स शिक्षक मीता बब्बर, ओम मलिक, कमल अरोरा, राजकुमारी, रेंडिल पार्क की अध्यक्ष रेखा शर्मा, बीजेपी महिला मंडल उर्मिला हाड़ा, योग एवम एरोबिक्स शिक्षक सीमा जैन, रुक्मणि यादव संजय अरोरा रमेश विजय, प्रभु दयाल धनेतवाल, राजेंद्र शर्मा,पंकज शर्मा, नरेन्द्र चित्तौड़ा, संजय अरोरा जीतेन्द्र सिंह,जयपाल लोकवाणी, आरके जैन, रुक्मणि यादव, आशा विजय, आशा आहूजा, नीतू वनवाणी, प्रणीति भट्टाचार्य, विमला विजय, सुशीला देवी, अमित अरोरा, चेतना, मधु जैन रजनी शर्मा, गुड्डी शर्मा, राजकुमारी, लीला, राजेश वाधवा, अनिला जैन, मोहिनी, रुचि, कोशी, उषा, तनु, लक्ष्मी, रेणु, गायत्री, रिंकल, ललिता आदि उपस्थित सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

मां भारती स्कूल में इन्वेस्चर सेरेमनी का आयोजन

मां भारती स्कूल के विद्यार्थियों में से केप्टन, वाइस केप्टन, हैडबॉय, हैडगर्ल व जनरल सेक्रेट्री चुने गए।

कोटा, (निसं)। माँ भारती सी॰ सै विद्यालय स्वामी विवेकानंद नगर में इन्वेस्चर सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत स्कूल के चारों हाउसेस (अचीवर्स, मोटीवेटर्स, इनोवेटर्स, प्रोग्रेसर्स) के विद्यार्थियों में से केप्टन, वाइस केप्टन, हैडबॉय, हैडगर्ल व जनरल सेक्रेट्री चुने गए। तत्पश्चात चयनित विद्यार्थियों ने अपने पद पर निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ ली।

इसी दौरान स्कूल डॉयरेक्टर शलभ विजय व उर्वशी विजय ने हैडबॉय, हैडगर्ल, केप्टन, वाइस केप्टन व जनरल सेक्रेट्री को बैच व सेशे पहनाकर बधाई देते हुए कहा कि समय की नियमितता व नेतृत्व क्षमता के साथ प्रतिस्पर्धा की दौड़ में माँ भारतीयन को आगे बढ़ते ही रहना है।

साथ ही एन.सी.सी. कैडेट व विद्यार्थियों के अनुशासन की सराहना की। अंत में स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक ने कहा कि अनुशासित विद्यार्थी ही जीवन में सफलता को अर्जित करता है।

जिला कलेक्टर को के.डी.ए. कमिश्नर का चार्ज दिया

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार ने राज्यपाल की अनुमति से शनिवार को एक आदेश जारी कर जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी को कोटा डवलेपमेंट अथॉरिटी (केडीए) का कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वे संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया से इस पद का चार्ज लेंगे। हालांकि जयपुर और जोधपुर में कमिश्नर का पद रिक्त होने पर यह चार्ज संभाग की आयुक्त को ही मिलता था। कोटा में ऐसा ही हुआ था लेकिन राज्य सरकार ने कोटा में विशेष आदेश इसके लिए जारी किए हैं।

दरअसल, कांग्रेस के बीते शासन काल में विधानसभा के जरिए कोटा नगर विकास न्यास (यूआईटी) को कोटा डेवलपमेंट अथॉरिटी (केडीए) बना दिया गया। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के पहले गत 10 मार्च को केडीए कमिश्नर के पद पर भी आईएएस अधिकारी अभिषेक खन्ना की नियुक्ति कर दी थी लेकिन उन्हें एक दिन बाद ही हटा दिया था। इसके बाद यह पद खाली था। आचार संहिता हटने के बाद सरकार ने जून महीने के पहले सप्ताह में ही आदेश जारी करते हुए कोटा की संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया को केडीए के कमिश्नर का भी अतिरिक्त कार्यभार दे दिया। कोटा डेवलपमेंट अथॉरिटी को तो बीती सरकार बनाकर चली गई थी लेकिन अभी तक स्टाफ नहीं मिला है। यूआईटी के कार्मिकों के जरिए ही अभी तक काम चल रहा है। जबकि केडीए के लिए यूआईटी से तीन गुना स्टाफ चाहिए। इसमें कोटा जिले की कैथून नगर पालिका, लाडपुरा पंचायत समिति व तालेड़ा बूंदी जिले की तालेड़ा पंचायत समिति के कई गांव को शामिल किया गया है।

समरीन शेख को पी.एच.डी. की मानक उपाधि

कोटा, (निसं)। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अंतर्गत रिसर्च स्कॉलर समरीन शेख ने 'स्टडी ऑफ पेस्टिसाइड्स मोबिलिटी इन ग्राउंड वाटर्स पर प्रोफेसर अनिल के. माथुर के निर्देशन में अपना शोध कार्य संपन्न किया। इस शोध कार्य को विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह के दौरान पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। समरीन शेख का यह शोध कार्य कृषि में प्रयुक्त कीटनाशकों के जल संसाधनों पर प्रभाव और उनकी गतिशीलता का अध्ययन करने पर केंद्रित था। उनके इस महत्वपूर्ण शोध ने पर्यावरण संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की है। प्रोफेसर अनिल के. माथुर ने उनके मेहनत और समर्पण की सराहना की और कहा कि समरीन का यह अध्ययन न सिर्फ वैज्ञानिक जगत के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज और कृषि क्षेत्र के लिए भी लाभदायक सिद्ध होगा। इस उपलब्धि पर समरीन शेख को विश्वविद्यालय के कुलपति, संकाय सदस्यों और सहपाठियों ने बधाई दी। इस अवसर पर समरीन ने अपने परिवार, गुरुजनों और मित्रों का धन्यवाद व्यक्त किया और अपने शोध कार्य में उनके सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में इस सम्मान के साथ समरीन शेख की उपाधि प्राप्ति ने उन्हें एक नई पहचान दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जा रही है।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम मनीष कुमार नन्दवाना से बदलकर नया नाम मनीष नन्दवाना रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मनीष नन्दवाना पुत्र जगदीश प्रसाद नन्दवाना 703-ए आर के पुरम कोटा

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ओम प्रकाश खींची पुत्र मोतीलाल के द्वारा अनिल शर्मा पुत्र केलाश शर्मा के मुख्तारआम की हेसियत से भूखंड संख्या 26 कृष्णा नगर ग्राम रंगबाड़ी कोटा पेमाइश 255.67 वर्गगज को बेचने का इकरार पवन कुमार राठोर पुत्र मूलचन्द राठोर के साथ किया है एवं जाहिर किया है कि उक्त मुख्तारनामाआम जो दिनांक 13.01.2016 को निष्पादित कर नोटरी पब्लिक से प्रमाणित है, निरस्त नहीं किया गया है। अतएव इस सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था/कम्पनी को उक्त सौदे के बाबत कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 योम की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद सूचना कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक : 06.07.2024

संदीप जैन एडवोकेट
583-ए तलवण्डी, कोटा
मो. 9829180432

जन्मदिन पर रक्तदान किया

कोटा, (निसं)। रक्तवीर युवा टीम के वरिष्ठ सदस्य अभय सिंह चारण ने अपने जन्मदिन पर कुछ मित्रों के साथ रक्तदान करके ये संदेश दिया की जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान जेसा शुभ कार्य करना चाहिए जिस से किसी असहाय को रक्त उपलब्ध हो सके। रक्तवीर युवा टीम संस्थापक अध्यक्ष अंकित प्रजापति ने बताया कि टीम सदस्य अभय द्वारा पिछले चार वर्ष से अपने जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में 32 यूनिट रक्त एकत्रित

कोटा, (निसं)। रोटरी क्लब पद्मिनी द्वारा शनिवार आयोजित ब्लड कैम्प में 32 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया। अध्यक्ष नीता मित्तल ने बताया कि रक्तदान शिविर दादाबाड़ी स्थित मोदी इंजिनियरिंग कॉलेज में आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में मोदी इंजीनियरिंग कॉलेज में श्रीजी ब्लड बैंक का सहयोग मिला। सुशील मोदी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। सचिव गुरप्रीत आन्नद ने बताया कि सदस्य उषा गुप्ता, मोदी कॉलेज के प्रिंसिपल व टीचर व स्टूडेण्ट ने शिविर में सुचारू बनाएं रखने के लिए सहयोग किया।

अतिक्रमण हटाया

छबड़ा (निसं)। नगर पालिका ने शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर धरनावदा चौराहे पर बीएसएनएल कार्यालय के सामने अस्थाई अतिक्रमण कर लगाई गई बॉडीयो को हटाया। क़स्बे के बीएसएनएल ऑफिस ने नगर पालिका से बीएसएनएल ऑफिस के सामने हो रहे अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी। शुक्रवार को बीएसएनएल ऑफिस के बॉडीयां लगाकर किये गए अस्थाई अतिक्रमण को हटाया है। कार्यवाही के दौरान सफाई इंस्पेक्टर मदनमोहन भार्गव व कनिष्ठ अभियंता रवि शर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

सिन्धी युवाओं को आई.ए.एस. परीक्षा के लिए नि:शुल्क मार्गदर्शन दिया

कोटा, (निसं)। उदय अकादेमी कॉउंसिल नागपुर की कोटा शाखा, दादा निहचलदास नैनानी चैरिटेबल ट्रस्ट और संत कंवरराम धर्मशाला की ओर से सिन्धी समुदाय के ग्रेजुएट छात्र छात्राओं (अध्ययनरत या स्नातक/स्नातकोत्तर पास) के लिए कोटा में पहली नि:शुल्क आईएएस परीक्षा मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई।

उदय अकादेमी कॉउंसिल के कोटा से उपाध्यक्ष एडवोकेट राज ठाकुर ने बताया कि इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ गुजरात अकादेमी के अध्यक्ष गोविंदराम मेलवाणी, साहित्यकार और सिन्धी भाषा के विशेषज्ञ डॉ सुरेश बबलानी, कार्यकारिणी सदस्य और भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और पीएमओ मीडिया सेल के पूर्व निदेशक किशन रतनानी, अकादेमी की राजस्थान शाखा के अध्यक्ष रमेश दतवानी, दादा निहचलदास नैनानी चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक डीएन नैनानी ने परीक्षा प्रक्रिया, विषयों का चयन, इंटरवियू की तैयारी के बारे में बताया।संत कंवरराम धर्मशाला के अद्यक्ष गिरधारी पंजवानी और सचिव अर्जुन जयसिंघानी ने अथितियों का स्वागत किया।

कार्यकारिणी सदस्य विमल परियानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में कक्षा दसवीं और बारहवीं में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले सिन्धी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में गुजरात अकादेमी के उपाध्यक्ष कमल मेहतानी, परसो, सोनू गोस्वामी, नरेश गोस्वामी, पूर्व आरएएस अधिकारी अशोक पुरसवानी, सिन्धु महिला सर्किल की पूर्व संरक्षक पूनम रतनानी, जानकी ठाकुर, सर्किल के संरक्षक किशोर मदनानी, अध्यक्ष कमल सपरा, सचिव राजेश ग्वालानी, स्टेशन पंचायत अद्यक्ष हरीश जगवानी,बजरंग नगर पंचायत अद्यक्ष सुरेंद्र झामनानी, मुरलीधर अलरेजा, डॉ निहाल खूबचंदानी, विनोद नागवानी, कौशल बेठवाणी आदि ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

कोटा में सिंधी समाज की आई.ए.एस. तैयारी के लिए मार्गदर्शन कार्यशाला आयोजित हुई।

पौधारोपण किया

बून्दी (निसं)। दाधीच महिला मंडल द्वारा महर्षि दधीचि वाटिका में पौधारोपण किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष स्वाति दाधीच ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत तिलक लगाकर वी पूजा अर्चना करके प्रारंभ किया गया। उपस्थित महिलाओं में विनीता दोराश्री अरुणा दोराश्री सुनीता लहरी रुचि कल्पना मीनाक्षी शिप्रा आचार्य पिंकी जी सारिका चंद्रकला आदि महिलाएं रही।

नाम परिवर्तन

पूर्व में मेरा नाम रुद्राक्ष था जिसे बदलकर मैंने रुद्राक्ष मणीक रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे, फ्लेट नं.-601 शाकुन मार्वल अपार्टमेन्ट न्यू ग्रेन मंडी, कोटा राजस्थान

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

(ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन [अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54)]'' और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना दिनांक 28 फरवरी 2024 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी संजय नाथ (ऋणी), श्रीमती अनिता (सह-ऋणी), भैरू नाथ (सह-ऋणी) (खाता संख्या: L9001060120710867 से नोटिस में वर्णित रुपये 598972/- (रु. पॉच लाख अट्ठानबे हजार नो सौ बहत्तर मात्र) की राशि इस नोटिस कि प्राप्ति कि दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बन्धकर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बन्धकर्ता को तथा समान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 04 माह जूलाई वर्ष 2024 को अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सह-ऋणी/बन्धकर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रुपये 598972/- (रु. पॉच लाख अट्ठानबे हजार नो सौ बहत्तर मात्र) की राशि दिनांक 27 फरवरी 2024 तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

स्थावर सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर एवं फिक्चर संपत्ति स्थित खसरा नं. 611, ग्राम चौहमेला, तहसील-गंगधर, जिला-झालावाड़, राजस्थान क्षेत्रफल 88.88 वर्ग गज जो कि संजय नाथ के स्वामित्व में है।

पूर्व: आम गली — पश्चिम: आम सड़क
उत्तर: कमला बाई का मकान — दक्षिण: खुला प्लॉट

दिनांक: 4 जुलाई 2024
सीन: झालावाड़, राजस्थान

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड